Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:00 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 311 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 11 जून 2026



भीड़ से घिरीं श्रद्धा कपूर...पेज-3 पर
































# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का चुनाव को लेकर हुंकार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के उत्तराखंड दौरे के दौरान काशीपुर में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन और संगठनात्मक बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

सभा को संबोधित करते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रभारी अब्दुल वहाब कासमी ने संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ के नेतृत्व में आयोजित बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतज़ार हुसैन, जिला महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन, शमशाद हुसैन, राव ज़मीर, जिला अध्यक्ष हाजी रिज़्वान, सदस्य फ़ारूक़ खान एवं शाहनवाज खान सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सम्मेलन के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।




## NEWS / फटाफट

### 7 लोगों ने रक्तदान कर किया पुनीत कार्य

**नैनीताल** । एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के सचिव रवि कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को नैनीताल के जिला अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कार्य किया। बता दें रक्तदान करने वालों में संस्था के अध्यक्ष/ संस्थापक अभिषेक मुल्तानिया युवी, सचिव रवि कुमार,अंकित टमटा, आकाश कुमार, विक्रम रावत,मयंक चिल्वाल व रोहित जोशी शामिल रहे इस दौरान चिकित्सालय की ओर से डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल, डॉ प्रियांशु श्रीवास्त तथा स्टाफ नर्स आकांक्षा एवं माजिद अली उपस्थित रहे इस दौरान अध्यक्ष अभिषेक मुल्तानिया द्वारा कहा गया कि रक्तदान की सेवा निरंतर चलते रहेगी।



### कूटा ने विभिन्न मांगों को लेकर सांसद भट्ट से की वार्ता

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने नैनीताल पहुंचे पूर्व रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के सांसद अजय भट्ट से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रो.तिवारी ने नियमितीकरण के कट ऑफ डेट 2026 करने,कुविवि के संविदा प्राध्यापकों का वेतन यूजीसी नियमनुसार करने सहित नैनीताल में सात नंबर में हुए सड़क भूस्खलन पर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने एवं उसके लिए आवश्यक बजट अमुक्त करने सहित नैनीताल जाम की समस्या का निवारण हेतु ठोस रणनीति बनाने की गुजारिश की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत व डीएसए महासचिव मनोज जोशी भी शामिल रहे।



### सड़क हादसे में युवक गंभीर, मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**हल्द्वानी**। गौलापार क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित परिवार ने कार चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने और दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गौलापार के लछमपुर निवासी राम सिंह सम्मल ने कोतवाली काठगोदाम में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र विकास सम्मल अपने साथी आकाश के साथ बाइक संख्या यूके 04 ह 9339 से जा रहा था। आरोप है कि 31 मई की शाम अंग्रेजी वाइन शॉप, गौलापार के पास काठगोदाम की ओर से आ रही कार संख्या यूके 01 डी 1865 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। घायल विकास को तत्काल साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह कोमा में बताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि बेटे के उपचार में व्यस्त होने के कारण वे तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सके। उपचार से समय मिलने के बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### हाईकोर्ट ने किया याचिका को निस्तारित

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने देहरादून के धानो स्थित जामा मस्जिद कमेटी द्वारा अनधिकृत निर्माण की सीलिंग और शमन आवेदन निरस्त होने के खिलाफ दायर रिट याचिका पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया। कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और प्रतिवादी मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता राहुल कंसल ने पैरवी की।




# कुविवि की मेधावी खिलाड़ी नेहा ने बढ़ाया विवि का मान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एंड साइंस पादुर (चेन्नई) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय पावर लिफिटंग (महिला) प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय की मेधावी खिलाड़ी नेहा ने 57 किलोग्राम भार महिला वर्ग में कांस्य पदक जीत कर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का नाम रोशन किया। दूसरी ओर विवि के मुखिया व कुलपति प्रो.ο दीवान सिंह रावत ने पूरी टीम को विवि परिवार की ओर से बधाई दी है। कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी डा.संतोष कुमार ने भी नेहा को बधाई दी है इनके अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह, वित् नियंत्रक कमलेश भंडारी, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र प्रो. संजय पंत, कुलानुशासक प्रो. एच एस बिष्ट, विजिटिंग डायरेटर प्रो. ललित तिवारी समेत कुलानुशासक मंडल,अधिष्ठाता छात्र कल्याण मंडल तथा समस्त शिक्षकों व समस्त कर्मचारियों व खिलाड़ियों द्वारा इस कामयाबी पर हर्ष जताया है।

# भाजपाईयों ने पीएम मोदी के लिए की विशेष पूजा अर्चना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर जनसेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में बुधवार को नैनीताल के माँ नयना देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बता दें कार्यक्रम हेतु भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नैनीताल मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की को समन्वयक नियुक्त किया गया था।कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के संकल्प की सिद्धि हेतु विशेष पूजा.अर्चना की गई। माँ नैना देवी से प्रार्थना की गई कि प्रधानमंत्री पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहे तथा देश की जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद उन्हें निरंतर प्राप्त होता रहे जिससे वे आने वाले वर्षों में भी उसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र एवं जनसेवा का कार्य करते रहें। इस दौरान जनप्रतिनिधियों समेत भाजपाई मौजूद रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बाराबंकी, रामपुर, रामपुर के खिलाडियों ने मैच जीत लिया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 100वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत बुधवार को तीन मैच खेले गए। प्रतियोगिता का पहला मैच गाँधी हॉकी कलब बाराबंकी और अधर हॉकी अकादमी मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें बाराबंकी ने शून्य के मुकाबले 6 गोल से विजय दर्ज की। माध्यनर तक बाराबंकी की टीम 2-0 से आगे थी बाराबंकी की ओर से पांचवें और बीसवे मिनट मे आकाश ने गोल किये जबकि चालीस मिनट मे दानिस पैंतालिस मिनट मे साहू व 53 मिनट में मगन और छप्पन मिनट में समद ने एक- एक गोल किया।

दूसरा मैच रोहिला कलब रामपुर और बढ़ोई हॉकी असोशिशन बढ़ोई के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक- एक गोल कर बराबर रही, रामपुर की ओर से चार मिनट में ओपी ने गोल किया जबकि बदोंई की ओर से उन्तालिश मिनट मे चेतन ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया जिसमें रामपुर ने दो गोल किये और बढ़ोई ने एक गोल किया इस तरह ये मैच दो के मुकाबले तीन गोल से रामपुर ने जीत लिया, रामपुर की तरफ से अलमाज और विवेक ने गोल किये बढ़ोई की तरफ से चेतन ने गोल किया। तीसरा मैच चैंपियन हांकी कलब रामपुर बनाम गुरु नानक हांकी कलब बरेली के बीच खेला गया जिसमें रामपुर ने 4-3 से यह मैच जीत लिया। विजयी टीम से सनी, विकास,आर्यन व अभय जबकि बरेली की ओर से सागर, रिहान व नवनीत ने गोल दागे।प्रतियोगिता की तकनिकी समिति में राजेश साह, दीपक साह, ललित साह, रोहित साह, कैलाश बोरा, संजय गुप्ता और राजीव मल्होत्रा जबकि अंपायर विजय फ त्यांल, अनुराग, फैजान, मनीष द्विवेदी, लाल खान तथा रवि जायसवाल वहीं मैचों का आंखों देखा हाल मनोज चौहान ने बारी-बारी से सुनाया। प्रतियोगिता को कामयाब बनाने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, उपाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट, हांकी सचिव चंद्र लाल साह समेत पंकज बर्गली के साथ ही डीएसए के पदाधिकारी व सदस्य जुटे रहे।

## जिले में योग दिवस की कामयाबी को नोडल अधिकारी नामित

**नैनीताल** । आगामी 21 जून (रविवार) को विश्व योग दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार को भीमताल में सीडीओ अरविन्द पाण्डे की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में योग दिवस की तैयारियों एवं आयोजन के संबंध विचार विमर्श करते हुए सीडीओ ने अवगत कराया कि जिले में योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम नैनीताल के डीएसए मैदान समेत भीमताल में विकास भवन परिसर मैदान, उच्च न्यायालय परिसर में तथा लोकभवन नैनीताल तथा हल्द्वानी में आयोजन किया जायेगा सभी स्थानों में प्रातः 6.30 बजे से योगाभयास किया जायेगा। सीडीओ ने इन सभी स्थानों में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जिसमें नैनीताल डीएसए मैदान हेतु सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रा फ त्यांल/ लोकभवन हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त सौरभ असवाल/ उच्च न्यायालय हेतु उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक/ विकास भवन भीमताल हेतु जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी तथा हल्द्वानी हेतु नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया।

# प्रथम जिला स्तरीय कैरम टूर्नामेंट का भव्य समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय प्रताप सिंह मौनी की स्मृति में आयोजित प्रथम जिला स्तरीय कैरम टूर्नामेंट का बुधवार को भव्य समापन हुआ।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत एवं जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने मैत्रीपूर्ण कैरम मैच भी खेला जिसका उपस्थित अधिवक्ताओं व दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। फ इनल मुकाबलों में डबल्स वर्ग के खिताबी मुकाबले में पंकज कुमार एवं तस्लीम की जोड़ी ने स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डी.एस. दानू एवं हंसराज सिजवाली की जोड़ी को पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की वहीं सिंगल्स वर्ग के रोमांचक फ इनल में चंद्रप्रकाश ने मुकेश चंद्रा को कड़े मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा नारंग ने विजेता एवं उपविजेता खिलाडि ों को ट्रॉफ ी एवं पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में बार एसोसिएशन के सांस्कृतिक सचिव अधिवक्ता उमेश कांडपाल की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने आयोजन की सफलता के लिए खेल सचिव डीएएसण दानू सहित पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, उप सचिव नीरज गोस्वामी सहित समस्त पदाधिकारी सदस्य एवं बड़ी संखया में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अभिमत

## संकट में अन्नदाता

*अन्नदाता किसान की खेती पर खतरा मंडराने लगा है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ईंधन की कीमतों में वृद्धि से सिर्फ कुछ चीजों के दामों में उछाल नहीं आया है, बल्कि महंगाई की मार बाजार से खेत तक पहुंच गई है। डीजल की कीमत में वृद्धि के कारण ट्रैक्टर से जुताई, पम्पिंग सेट से सिंचाई, फसल की कटाई और ढुलाई की लागत बढ़ने के साथ ही उर्वरक के दामों में भारी इजाफा हुआ है। इस साल मानसून कमजोर होने से खरीफ की फसल की सिंचाई के लिए पम्पिंग सेट का सहारा ज्यादा लेना पड़ेगा, जिससे उपज की लागत बढ़ेगी।*

महंगाई की मार हर क्षेत्र में दिखने लगी है। अन्नदाता किसान की खेती पर खतरा मंडराने लगा है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ईंधन की कीमतों में वृद्धि से सिर्फ कुछ चीजों के दामों में उछाल नहीं आया है, बल्कि महंगाई की मार बाजार से खेत तक पहुंच गई है। डीजल की कीमत में वृद्धि के कारण ट्रैक्टर से जुताई, पम्पिंग सेट से सिंचाई, फसल की कटाई और ढुलाई की लागत बढ़ने के साथ ही उर्वरक के दामों में भारी इजाफा हुआ है। इस साल मानसून कमजोर होने से खरीफ की फसल की सिंचाई के लिए पम्पिंग सेट का सहारा ज्यादा लेना पड़ेगा, जिससे उपज की लागत बढ़ेगी। भारत को अपनी जरूरत के लिए करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करना पड़ता है। रसोई गैस, वाहनों के लिए गैस तथा गैस आधारित बिजली घर भी आयात पर निर्भर हैं। किसान को खेत जोतने के लिए डीजल चाहिए। नलकूप के लिए बिजली चाहिए। कच्चा तेल और गैस की किल्लत से बिजली उत्पादन प्रभावित हो रहा है। विद्युत आपूर्ति में कटौती की जा रही है। शहरी क्षेत्र में कटौती कम है, लेकिन ग्रामीण इलाके में घंटों कटौती से कृषि का प्रभावित होना लाजिमी है। खेती के लिए उर्वरक भी ज्यादातर आयात किया जाता है। विदेशी मुद्रा की कमी तथा डालर की तुलना में रुपये का अवमूल्यन होने से सरकार हर चीज के आयात में कटौती को मजबूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उर्वरक का इस्तेमाल सीमित करने की अपील की है। रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल नहीं करने और पारंपरिक खाद के उपयोग से उपज में कमी होगी। गोबर की पारंपरिक खाद से अनाज, फल और सब्जी में पौष्टिक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। कुछ दशक पहले अधिकतर गोबर की खाद का उपयोग किया जाता था, लेकिन आबादी बढ़ने से खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल होने लगा। हरित क्रांति से भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर हो गया है। मौसम के रुख पर कृषि आधारित है। विपरीत मौसम का खेती पर सर्वाधिक असर होता है। खरीफ की फसल पूरी तरह वर्षा पर निर्भर है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि उत्तर भारत में इस साल औसत से कम वर्षा होगी। बारिश कम होने पर किसान को सिंचाई के लिए ईंधन की जरूरत होगी। फसल की बुवाई से पहले ही डीजल और उर्वरक की कीमत बढ़ गई है। पश्चिम एशिया संकट लम्बे समय तक जारी रहने से स्थिति और अधिक चिंताजनक होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

# खाद्य सामग्री वितरण अभियान आयोजित

भीमताल

हमारे संवाददाता

समाज सेवा एवं मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर द्वारा चांफी एवं अल्चौना गांवों में जरूरतमंद परिवारों के लिए खाद्य सामग्री वितरण अभियान का आयोजन किया गया।



इस अभियान के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोरए असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गएए जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिल सके।ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान प्रारंभ की गई इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों तक सहायता पहुंचाना थाए जिसे ग्राफिक एरा ग्रुप आज भी निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में चांफी एवं अल्चौना क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को राशन एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। डॉ. घनशाला का मानना है कि समाज के सक्षम वर्ग को आगे आकर जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए ताकि समाज का कोई भी व्यक्ति अभाव और भूख का सामना न करे। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन प्रत्येक नागरिक की जिमेदारी है और इसी सोच के साथ ग्राफिक एरा ग्रुप समय.समय पर विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करता है।अभियान के दौरान वितरित किए गए खाद्य सामग्री पैकेटों में आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चांफ ी के ग्राम प्रधान श्री कमल सिंह देवका एवं ग्राम पंचायत अल्चौना की ग्राम प्रधान श्रीमती लता आर्या भी उपस्थित रहीं। उन्होंने ग्राफिक एरा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अभियान ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटीए भीमताल परिसर का उद्देश्य भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखना हैए ताकि समाज के कमजोर वर्गों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा सके और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिले।इस अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के निदेशक, शिक्षकगण व कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेशी मदिरा की दुकान में लाखों के गबन का आरोप, तीन विक्रेताओं के खिलाफ शिकायत

हल्द्वानी। कालाढूंगी रोड स्थित एक विदेशी मदिरा की दुकान में लाखों रुपये के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। दुकान की देखरेख कर रहे व्यक्ति ने तीन विक्रेताओं पर बिक्री राशि और स्टॉक में हेराफेरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मल्ला गोरखपुर निवासी बीरेंद सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह बिष्ट के नाम पर वर्ष 2024-25 में कालाढूंगी रोड स्थित विदेशी मदिरा की दुकान संचालित थी। दुकान के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी उनके पास थी, जबकि राजेंद्र कुमार बधानी, चेतन सिंह पडियार और भास्कर जोशी विक्रेता के रूप में कार्यरत थे। आरोप है कि तीनों को बिक्री और स्टॉक प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर कराए गए भौतिक सत्यापन में करीब 38.23 लाख रुपये मूल्य का माल कम पाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्टॉक जांच की जानकारी मिलने के बाद संबंधित विक्रेताओं ने अभिलेखों में हेरफेर का प्रयास किया, लेकिन दोबारा जांच में भी भारी अनियमितताएं सामने आईं।

## सामाजिक कार्यकर्ता रावत के निधन पर जताया शोक

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने नगर के स्नोव्यू प्लेनव्यू निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता जगत सिंह रावत के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी है । कूटा के मुताबिक दिवगंत रावत एटीआई के पुस्तकालयाध्यक्ष रहे, उनकी सामाजिक कार्यक्रमों में भी महति भूमिका रहती थी,वह अपने पीछे दो पुत्र मोहित व अमित तथा दो पुत्रियां विजेता सिंह व संगीता रावत का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यशोदेव मलिक से बदलकर यशोदेव सिंह मलिक रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे यशोदेव सिंह मलिक नाम से जाना, पहचाना जाये। - **यशोदेव सिंह मलिक पुत्र यशपाल सिंह मलिक, बीआरओ बंग्लो-3, महादेव मंदिर, आई0वी0 आर0आई0, मुक्तेश्वर , उत्तराखण्ड**

# प्रधानमंत्री मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल रहा एतिहासिक, भाजपा नेता चुघ ने मंदिर में पूजा अर्चना कर पीएम की दीर्घायु की कामना की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। आज उन्होंने एक और इतिहास रच दिया कि जब वह देश में सबसे अधिक दिन तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए।



उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। पीएम मोदी आज 4399 दिनों तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने मंदिर में पूजा अर्चना की और पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। जिसमें उन्होंने सेवा, सुशासन और विकास की 12 जनकल्याणकारी योजनाएं देश को समर्पित की है। जिसमें जनधन योजना,उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन,जल जीवन मिशन,मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना, डिजिटल इंडिया,पीएम किसान सम्मान निधि,पीएम स्वनिधि योजना और मेक इन इंडिया शामिल हैं। चुघ ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड की भी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। जिसमें यूसीसी ,नकल विरोधी कानून, महिला आरक्षण, लखपति दीदी योजना, होम स्टे योजना, चार धाम ऑल वेदर रोड, रोपवे परियोजना, स्वरोजगार योजना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास और सब का विकास के साथ काम कर रही है। जिस कारण जन-जन से भाजपा को समर्थन मिल रहा है। चुघ ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु होने की कामना की इस दौरान संदीप वर्मा, अमित गौड़ ललित गोयल,पूरन पांडे,महेश ठाकुर,अभय गौड, नरेश रस्तोगी, कैलाश सिंह, अभय चौहान, मुन्नी देवी ,ममता देवी, गीता उर्मिला, शीला समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## भीड़ से घिरीं श्रद्धा कपूर, ऐसे संभाला मामला; कहा– 'थोड़ा पीछे जाइए'





*बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हाल ही में मुंबई में पैपराजी के कैमरों में कैद हुईं, लेकिन इस बार उनका अंदाज थोड़ा अलग देखने को मिला। आमतौर पर हंसते-मुस्कुराते नजर आने वाली श्रद्धा इस बार थोड़ी परेशान दिखीं, जब फोटोग्राफर्स ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, श्रद्धा अपनी कार तक पहुंचीं, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि वह ठीक से कार का दरवाजा भी नहीं खोल पा रही थीं। इस स्थिति में वह थोड़ी असहज जरूर लगीं, लेकिन उन्होंने इस मामले को शांति से संभाला। श्रद्धा ने बड़े ही शांत और विनम्र तरीके से पैपराजी से कहा, 'आप लोगों को थोड़ा पीछे जाना पड़ेगा, ये खुल नहीं रहा है।' उनके इस शांत रवैये की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है। थोड़ी देर बाद जब फोटोग्राफर्स पीछे हटे, तब श्रद्धा आराम से कार में बैठ पाईं। इस पूरे दौरान उन्होंने अपना व्यवहार बहुत ही सुलझा हुआ रखा। श्रद्धा कपूर जल्द ही फिल्म 'ईथा' में नजर आने वाली हैं, जिसे लक्ष्मण उटेकर डायरेक्ट कर रहे हैं और दिनेश विजन प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में श्रद्धा पहली बार रणदीप हुड्डा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। साथ ही मोहम्मद जीशान अय्यूब भी इसमें अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म में श्रद्धा, मशहूर लोक कलाकार विठाबाई का किरदार निभाएंगी, जो महाराष्ट्र की लावणी और तमाशा कला के लिए जानी जाती थीं। यह फिल्म रक्षा बंधन के मौके पर, यानी 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

# लूट की सूचना पुलिस की जांच में झूठी निकली,दो पक्षों में मारपीट हो गई 7 गिरफ्तार, पुलिस एक्ट में चालान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली गदरपुर क्षेत्र में लूट की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो लूट की सूचना झूठी निकली।

मामला वाहन पर पत्थर फेंक दिया। जिससे डंपर का शीशा टूट गया।पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में लिया और पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की। मंगलवार शाम को डंपर चालक अजय पाल निवासी भोट रामपुर यूपी बाजपुर से खनन सामग्री लेकर मेहतोष मोड़ से मानपुर के रास्ते यूपी जा रहा। चालक रतनपुरा के पास पहुंचा।

तभी चालक ने पुलिस को रुपए लूटने की सूचना दी। लूट की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया और आनन फानन में चौकी प्रभारी मेहतोष मोड़ मुकेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच चालक ने अपने मालिकों को भी बुला लिया। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। जांच पड़ताल की तो डंपर से धूल उड़ने को लेकर अलखदेवा निवासी करमजीत सिंह, पवनदीप सिंह नाराज होकर वाहन पर पत्थर फेंक दिया। जिससे वाहन का शीशा टूट गया।

पुलिस के मुताबिक इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत लिया। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि लूट की झूठी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जांच में मामला झूठा निकला। पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि लूट की झूठी सूचना देने पर कार्रवाई की जाएगी।



# अमूल्य जीवन बचाने को किया रक्तदान

## उत्तरांचल दीप की वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

उत्तरांचल दीप के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर में महादानियों ने अमूल्य जीवन को बचाने को रक्तदान किया।

उत्तरांचल दीप समूह के नैनीताल रोड स्थित मुख्यालय में हर वर्ष की भांति गुरुवार को शिविर आयोजित किया गया। ब्लड बैंक स्व. बाल किशन देवकी जोशी के प्रकाश मेहता, टैक्नीशियन श्रीवाश मंडल, मोहित मियान ने रक्तदाता नितिन अकोलिया, सिद्धांत अग्रवाल, संजय भंडारी, कृष्णा चौबे, मनोज सिंह, राजेन्द्र गुरुरानी, दीप चन्द्र भट्ट, लक्ष्मण मेहरा, रविन्द्र चौबे, मुकेश, नवीन चन्द, पवन बिष्ट, बिनोद तिवारी, संजय नेगी आदि से रक्तदान कराया। इस अवसर पर सिद्धांत अग्रवाल, दीपक तिवारी, नितिन अकोलिया, पूनम अकोलिया, रवि दुर्गापाल, कमल कांत शर्मा, राजेन्द्र गुरुरानी, केके चौहान, संजय भंडारी, दीप चन्द्र भट्ट, तारू तिवारी, अभिषेक कश्यप, प्रभात सिंह अधिकारी, रिया रैखोला, डॉली नगरकोटी, मनोज सिंह, महक नेगी, निखिल भंडारी, राकेश कुमार, बॉबी आर्य आदि मौजूद थे। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रवि दुर्गापाल ने बताया कि उत्तरांचल दीप अपनी स्थापना से ही भीषण गर्मी के मौसम में रक्तदान के लिए जनसामान्य को प्रेरित करता रहा है।











## रक्तदाता कैमरे की नजर में...



# कैंची मेले के लिए ट्रैफिक प्लान जारी
## 13 से 16 जून तक रहेगा रूट डायवर्जन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



कैंची धाम स्थापना दिवस मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने 13 से 16 जून तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। यहां से श्रद्धालुओं को शटल बसों के माध्यम से कैंची धाम भेजा जाएगा।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि दिल्ली, एनसीआर, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, रामपुर और बरेली की ओर से आने वाले वाहनों को काठगोदाम और गोलापार क्षेत्र की पार्किंग में रोका जाएगा। वहीं रामनगर, कालादूंगी, लालकुआं और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए भीमताल और भवाली में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को खैरना पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। वहां से भी शटल सेवा उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन की व्यवस्था भी की है ताकि यातायात सुचारु बना रहे। 13 जून से 16 जून तक भारी माल वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने वाले वाहनों को निर्धारित समय में ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा 14 जून से 16 जून तक कैंची धाम क्षेत्र में दुपहिया वाहनों की एंट्री भी पूरी तरह बंद रहेगी। रोडवेज और केमू की कुछ बसों का संचालन भी वैकल्पिक मार्गों से कराया जाएगा। प्रशासन ने भवाली, भीमताल, खैरना, काठगोदाम और हल्द्वानी समेत 10 स्थानों से शटल सेवा संचालित करने की व्यवस्था की है।



## नैनीताल में मौसम ने एक बार फिर ली करवट

**नैनीताल।** नैनीताल में गुरुवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली। बीते रोज हुई बारिश के बाद गुरुवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। जिसके बाद शहर और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी घंटों में भी बारिश की संभावना जताई है।

# नैनी झील में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, क्षेत्र में सनसनी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई जब माल रोड स्थित जूबीज किचन के सामने नैनी झील में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया।

झील में शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नैनीताल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष संजय सिरोही ने झील में शव देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को झील से बाहर निकाला।

इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक की पहचान के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# सी0आर0एस0टी0 के पूर्व प्रबंधक स्व0. बुज्यु के जन्मदिन पर हुए कई कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सी0आर0एस0टी0 इंटर कालेज के पूर्व प्रबन्धक स्व0र्गीय चन्द्र लाल साह ठुलघरिया(बुज्यु) के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस मौके पर कालेज के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं प्राईमरी विंग के छात्रों द्वारा राज्य गीत प्रस्तुत किया गया। मुखय अतिथि सांसद अजय भट्ट तथा विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या द्वारा श्री चन्द्र लाल साह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्मारिका एक बुज्यु हजार यादें तथा पद्मश्री अनूप साह की पुस्तक म्इकोज फाम द हाईट्स(ट्रेल पास आफ्टर 53 ईयर) का विमोचन किया गया। दोनों पुस्तक पर विस्तृत प्रकाश छायाकार प्रदीप पाण्डे तथा ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार द्वारा डाला गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान पद्मश्री अनूप साह द्वारा स्लाइड शो के माध्यम से बुज्यु के जीवन वृत्त एवं समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुखय अतिथि सांसद अजय भट्ट द्वारा बुज्यु को प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताते हुए उनके पद चिन्ह पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्लाइड शो को देखकर उनकी भी बचपन की यादें ताजा हो गयी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के संगीत कक्ष के जिर्णोद्धार के लिए 5 लाख देने की घोषणा की तथा भविष्य में इसी तरह विद्यालय आने की बात कही। विधायक सरिता आर्या द्वारा बुज्यु को श्रद्धांजली अर्पित करते हुवे उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल समेत प्रांजल साह, रुपसी साह,राजेश साह,सुधा साह, सिद्धांथ साह, अदिति साह, कुँवर अक्षोभ सिंह, इरशाद नजर खान, बी0सी0 नैनवाल, के.0एल.0शर्मा, अभिमन्यु गहलोत, आशीष नैथानी (से0नि0 न्यायमूर्ति),पूर्व विधायक डॉ नारायण सिंह जन्तवाल,राज्य गीत के लेखक हेमन्त बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी,सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत,डीएसए महासचिव मनोज जोशी, शैलेन्द्र चौधरी (जिलाध्यक्ष मा0शि0सं), सुरेश साह व नीरज श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।संचालन डॉ. एस. एस. बिष्ट व अनुपम उपाध्याय ने किया।

